# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

डाउनलोड जल सारथी ऐप


पत्रांक : 2242 / M-20 /248 दिनांक 20/9/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

**विषय :– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 09.09.2026 के पेपर में प्रकाशित ''ग्रामीण 03 किलोमीटर दूर से ला रहे पानी, विभागीय लापरवाही से दोनों बोर खराब'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 09.09.2026 के पेपर में प्रकाशित ''ग्रामीण 03 किलोमीटर दूर से ला रहे पानी, विभागीय लापरवाही से दोनों बोर खराब'' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है :–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| लालगंज के उतरागौरी गांव में पिछले 15 दिनों से पीने के पानी का संकट है। जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से सप्लाई बंद हो गई है। बोर खराब होने के कारण ग्रामीणों को करीब तीन किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव का भूजल खारा है। इस वजह से निजी नलकूपों का पानी पीने लायक नहीं है। ऐसे में ग्रामीण सरकारी पानी की सप्लाई पर ही निर्भर हैं। गांव की ज्यादा आबादी को देखते हुए दूसरी पानी की टंकी बनाने का प्रस्ताव भी था। | उक्त शिकायत के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम उतरागौरी, विकास खण्ड–लालगंज में उतरागौरी पेयजल योजना से जलापूर्ति की जाती है। उक्त योजना पर समस्त कार्य पूर्ण कराकर दिनांक 06.01.2014 को ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित कर दिया गया था। संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य ग्राम पंचायत स्तर से देखे जा रहे थे। योजना पूर्ण रूप से संचालित न होने के कारण उक्त योजना को संचालन एवं अनुरक्षण नीति–2024 के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। वर्तमान में उक्त योजना को 10 वर्ष हेतु संचालन एवं अनुरक्षण हेतु कार्यदायी संस्था मेसर्स ओम इंफ्रा लि0 को आवंटित किया गया है। उक्त योजना पर खारा पानी होने के कारण रिबोर का कार्य प्रगति पर है (फोटो संलग्न) कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये है।   |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**


**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# लालगंज के उतरागौरी में 15 दिन से पेयजल संकट:**ग्रामीण 3 किलोमीटर दूर से ला रहे पानी, विभागीय लापरवाही से दोनों बोर खराब**

**देव त्रिवेदी | मूसापुर (लालगंज), रायबरेली**1 दिन पहले



लालगंज के उतरागौरी गांव में पिछले 15 दिनों से पीने के पानी का संकट है। जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से सप्लाई बंद हो गई है। बोर खराब होने के कारण ग्रामीणों को करीब तीन किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव का भूजल खारा है। इस वजह से निजी नलकूपों का पानी पीने लायक नहीं है। ऐसे में ग्रामीण सरकारी पानी की सप्लाई पर ही निर्भर हैं। गांव की ज्यादा आबादी को देखते हुए दूसरी पानी की टंकी बनाने का प्रस्ताव भी था।

आरोप है कि नई टंकी के लिए अलग जगह बोर कराने के बजाय, पुरानी टंकी के परिसर में ही 10 से 15 मीटर की दूरी पर दूसरा बोर किया गया। ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया था, लेकिन काम जारी रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि नया बोर सफल नहीं हुआ। इसी दौरान पुराना बोर भी खराब हो गया। कृष्णा सिंह, मोनू सिंह, निखिल गुप्ता और अर्पित सिंह समेत दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने प्रशासन से दोनों बोर की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने जल्द से जल्द पानी की सप्लाई फिर से शुरू करने की अपील की है।

जल निगम ने बोरिंग का ठेका एक कंपनी को दिया है। कंपनी के कर्मचारी सूरज संजय ने बताया कि एक बोर बिजली से और दूसरा सौर ऊर्जा से चलना है। ग्राम प्रधान दूसरी जगह जमीन दे रहे थे, लेकिन जगह कम होने की वजह से पुरानी टंकी परिसर में ही बोर किया गया।

सूरज संजय ने बताया कि नए बोर की नाली से पानी दूसरे बोर में जाने से पुराना बोर खराब हो गया। करीब 1200 फीट तक बोर किया गया था, लेकिन जांच में पता चला कि नीचे पानी खारा है। अब जहां मीठा पानी मिल रहा था, वहां तक जीरा-गिट्टी डालकर बोर की मरम्मत का काम जल्द शुरू किया जाएगा।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई, तो वे तहसील और जिला स्तर पर आंदोलन करेंगे।